

# करैया खेड़ा-आचार्य कॉलोनी में गहराया जल संकट

**खास बातें**

- टैंकरों पर निर्भर हुए रहवासी
- नियमित सप्लाई ठप महंगे दामों पर पानी खरीदने को मजबूर लोग



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 2 अप्रैल,शहर के करैया खेड़ा स्थित आचार्य कॉलोनी इन दिनों गंभीर जल संकट से जूझ रही है. कॉलोनी के रहवासियों को पिछले कई दिनों से नियमित जल सप्लाई नहीं मिल पा रही है, जिससे लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है. हालात ऐसे हैं कि लोगों को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए निजी टैंकरों पर निर्भर होना पड़ रहा है.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से पानी की सप्लाई की जाती थी, लेकिन अब यह पूरी तरह अनियमित हो गई है. कई बार दो-दो दिन तक पानी नहीं आता, जिससे घरों में पीने तक के पानी की किल्लत हो जाती है. मजबूरी में रहवासियों को महंगे दामों पर टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं, जिससे उनका मासिक खर्च भी बढ़ गया है.कॉलोनी निवासियों के अनुसार टैंकर से मिलने वाला पानी भी हमेशा स्वच्छ नहीं होता, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा बना रहता है. छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वहीं महिलाओं को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उनकी दिनचर्या पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है.

रहवासियों ने कई बार इस समस्या को लेकर नगर पालिका अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है. लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं.स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल सप्लाई को नियमित किया जाए और कॉलोनी में स्थायी जल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. साथ ही जब तक समस्या का समाधान नहीं होता, तब तक टैंकरों के माध्यम से पर्याप्त और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाए.

**नियमित नहीं हुई सप्लाई तो करेंगे आंदोलन**

रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे. फिलहाल करैया खेड़ा आचार्य कॉलोनी के लोग पानी की हर बूंद के लिए संघर्ष कर रहे हैं और प्रशासन से राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं.

## शराब दुकान हटाने को लेकर कांग्रेस का धरना

**बजरंगबली से सद्बुद्धि की प्रार्थना, श्रद्धालुओं की परेशानी का मुद्दा उठाया**



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 2 अप्रैल,** पवन पुत्र बजरंगबली के जन्मोत्सव के अवसर पर रेलवे स्टेशन स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया. इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश शासन के आबकारी मंत्री और सांसद को सद्बुद्धि देने के लिए बजरंगबली से प्रार्थना की.

धरना दे रहे नेताओं का कहना था कि मंदिर क्षेत्र के पास शराब दुकान होने से श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आम जनता की भावनाओं की अनदेखी की जा रही है, जबकि क्षेत्र धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है.धरने में यह भी देखने को मिला कि विभिन्न दलों के कार्यकर्ता, जिनमें भाजपा और कांग्रेस दोनों के लोग शामिल रहे, इस मुद्दे पर एकजुट नजर आए. इसके बावजूद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है.प्रदर्शनकारियों ने बताया कि भगवान हनुमान जी और श्रीराम मंदिर के समीप शराब दुकान होने से मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा होती है. कई बार नशे की हालत में लोग अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे महिलाओं और परिवारों को विशेष परेशानी होती है.कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए उक्त शराब दुकान को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सहज वातावरण मिल सके.

**शराब दुकान हटाने की मांग पर बैठे लोगों को मिल रहीं धमकियां**

रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर चल रहे धरने के बीच नया मोड़ सामने आया है. धरने पर बैठे लोगों ने आरोप लगाया है कि उन्हें शराब ठेकेदार के करिंदों द्वारा लगातार धमकियां दी जा रही हैं.प्रदर्शनकारियों का कहना है कि विरोध करने पर उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है. उन्होंने आशंका जताई है कि यदि समय रहते स्थिति पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो कोई अप्रिय घटना भी घटित हो सकती है.धरने पर बैठे लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए और धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. उनका कहना है कि वे जनहित में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रख रहे हैं, लेकिन इस प्रकार की धमकियों से माहौल बिगड़ सकता है.स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित करने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है.

## कुरवाई में गूंजेगी रामकथा की अमृत वर्षा, 3 अप्रैल से पांच दिवसीय मानस सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई.** नगर के प्रतिष्ठित श्री मुरलीधर मंदिर प्रांगण में भक्ति और अध्यात्म का भव्य संगम होने जा रहा है. श्री मुरलीधर सरकार की कृपा और ब्रह्मलीन श्री रामदास ब्रह्मचारी जी महाराज की पुण्य स्मृति में पांच दिवसीय श्री रामचरित मानस सम्मेलन एवं संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन 3 अप्रैल से किया जाएगा.इस धार्मिक आयोजन में देश के विख्यात कथाव्यास अपनी वाणी से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे. चित्रकूट की प्रसिद्ध कथाव्यास साध्वी दीदी नीलम गायत्री एवं झांसी के श्री अरुण गोस्वामी (रामायणी) कथा का रसपान कराएंगे. साथ ही बुंदेलखंड पीठाधीश्वर बाबा श्री रामदास ब्रह्मचारी जी महाराज (मऊरानीपुर) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे.आयोजन समिति 'श्री ब्रह्मचारी शिष्य मंडल' के अनुसार कथा का शुभारंभ शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026 से होगा और समापन 7 अप्रैल 2026 को किया जाएगा. कथा प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से प्रारंभ होगी. कार्यक्रम का संचालन 'मानस रत्न' श्री भगवान प्रसाद शास्त्री द्वारा किया जाएगा.आयोजक समिति एवं क्षेत्रवासियों ने धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक आयोजन का लाभ लेने की अपील की है.

## पत्रकार पर हमले के बाद उल्टा एफआईआर, डीजीपी को सौंपा आवेदन

**पत्रकार संगठनों में आक्रोश, निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग**

**नवभारत न्यूज**

**आनंदपुर. विदिशा जिले के लटेरी तहसील अंतर्गत आनंदपुर में 6 मार्च 2026 को रिपोर्टिंग के दौरान पत्रकार मनीष शर्मा पर हुए कथित जानलेवा हमले का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है. घटना के बाद पुलिस द्वारा पीड़ित पत्रकार पर ही एफआईआर दर्ज किए जाने से पत्रकार जगत में भारी आक्रोश व्याप्त है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, समाचार संकलन के दौरान सरपंच पुत्र एवं शासकीय शिक्षक राधा बल्लभ शर्मा द्वारा पत्रकार मनीष शर्मा पर प्राणघातक हमला किया गया. घटना के वीडियो साक्ष्य मौजूद होने के बावजूद पुलिस द्वारा उन्हें नजरअंदाज करते हुए उल्टा पत्रकार पर ही मामला दर्ज कर लिया गया.

मामले को लेकर इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र गौतम के नेतृत्व में पुलिस महानिदेशक, भोपाल को औपचारिक आवेदन पत्र सौंपा गया. आवेदन में घटना की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए.आवेदन पत्र में मांग की गई है कि पत्रकार मनीष शर्मा पर दर्ज एफआईआर को तत्काल निरस्त किया जाए, आरोपी शिक्षक राधा बल्लभ शर्मा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को दंडित किया जाए तथा पीड़ित पत्रकार एवं उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए.प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र गौतम ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो पूरे मध्यप्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी.पत्रकार संगठनों ने इस घटना को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला बताते हुए कड़ी निंदा की है और निष्पक्ष न्याय की मांग की है.

## प्रेम विवाह की जिद में युवती टावर पर चढ़ी, बोली-अनिल से ही करूंगी शादी

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा.** शहर में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती प्रेम विवाह की जिद में टावर पर चढ़ गई और कूदकर जान देने की धमकी देने लगी. युवती का कहना था कि वह अपने प्रेमी अनिल अहिरवार से ही शादी करेगी, अन्यथा आत्महत्या कर लेगी.

थाना प्रभारी सिटी के अनुसार विनीता अहिरवार (उम्र करीब 30 वर्ष) का अनिल अहिरवार से प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन परिजन इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे. इसी बात से नाराज होकर युवती ने यह कदम उठाया.घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम हथोड़ा के निवासी मौके पर पहुंचे और युवती को समझाइश दी. परिजनों एवं ग्रामीणों ने उसे भरोसा दिलाया कि उसकी शादी अनिल अहिरवार से कराने का प्रयास किया जाएगा.सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद युवती को सुरक्षित नीचे उतारा गया. इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी.पूरी घटना के दौरान माहौल कुछ समय के लिए फिल्म 'शोले' के बसंती-वीरू वाले दृश्य जैसा बन गया, जहां प्रेम के लिए जिद और नाटकीय स्थिति देखने को मिली.

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर घायल

**डायल-112 की त्वरित मदद से अस्पताल पहुंचाए गए, समय पर मिला उपचार**




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. जिले के थाना मुरवास क्षेत्र के बलरामपुर बस स्टैंड के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को 02-04-2026 की सुबह 10:13 बजे प्राप्त हुई.**

सूचना मिलते ही तत्काल थाना मुरवास में तैनात डायल-112 वाहन को मौके के लिए रवाना किया गया. डायल-112 के सैनिक समीन खान एवं पायलट राशिद खान ने घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि अज्ञात वाहन की टक्कर से तीनों युवक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे.डायल-112 टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को एफआरव्ही वाहन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटेरी पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है. समय पर की गई कार्रवाई से घायलों को शीघ्र चिकित्सा सहायता मिल सकी.

## काल भैरव मंदिर से चांदी के 13 छत्र चोरी, ताला तोड़कर वारदात को दिया अंजाम

**सुबह पुजारी पहुंचे तो टूटा मिला ताला, पुलिस सीसीटीवी खंगालने में जुटी**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा.** काल भैरव मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है, जहां अज्ञात चोर ताला तोड़कर मंदिर से चांदी के 13 छत्र ले गए. घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है.जानकारी के अनुसार सुबह जब मंदिर के पुजारी पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो मंदिर का ताला टूटा हुआ मिला. अंदर जाकर देखने पर पता चला कि मंदिर में रखे चांदी के 13 छत्र गायब हैं. इसके बाद पुजारी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी.बताया जा रहा है कि यह मंदिर एक मकान के अंदर स्थित है, इसके बावजूद चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए वारदात को अंजाम दिया.सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके.पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा. वहीं घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश और चिंता का माहौल है.

## कांग्रेस नेताओं ने खेतों में पहुंचकर लिया जायजा



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. जिले एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अचानक हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है. जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी एवं किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवखजूरी, कोलिंजा, परसोरा, अंडिया और अमऊखेड़ी पहुंचकर प्रभावित किसानों के खेतों में जाकर नुकसान का जायजा लिया.**

मोहित रघुवंशी ने बताया कि तेज बारिश और ओलावृष्टि के कारण गेहूं, चना, मसूर और सरसों की तैयार खड़ी फसलें खेतों में गिर गईं, जिससे उत्पादन पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है. कई गांवों में ओलों की मोटी परत जमने से खेत जलमग्न हो गए हैं.उन्होंने कहा कि इस असमय प्राकृतिक आपदा से किसानों की मेहनत नष्ट हो गई है और उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. उन्होंने कलेक्टर से मांग की कि राजस्व अमले से जल्द सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाया जाए. साथ ही फसल बीमा का त्वरित भुगतान, बिजली बिल माफी और कृषि ऋण माफी की भी मांग उठाई.जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने कहा कि संकट की इस घड़ी में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा जिले के किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए, जिससे उन्हें आर्थिक संबल मिल सके.इस दौरान किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनीत सिंह दांगी, गोविंद भार्गव, वीरेंद्र सिंह दांगी, राज नारायण शर्मा, अनुज यादव, भगत सिंह रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी, अभिषेक कुशवाहा सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे.

## हनुमान जयंती पर विदिशा व्यापार महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संभाला कार्यभार

**पूर्व पदाधिकारियों ने सौंपा चार्ज, व्यापारियों ने दीं शुभकामनाएं**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर विदिशा व्यापार महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया. इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी, पूर्व पदाधिकारी और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे.**

पूर्व अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन के कार्यालय में विधिवत रूप से लेखा-जोखा एवं महासंघ से संबंधित समस्त दस्तावेजों का हस्तांतरण किया गया. पूर्व अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश जैन को महासंघ भवन की चाबी सौंपकर कार्यभार सुपुर्द किया. वहीं पूर्व महामंत्री नवल शास्त्री ने नव निर्वाचित महामंत्री नरेंद्र सोनी को सभी आवश्यक दस्तावेज एवं रजिस्टर सौंपे. कोषाध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल ने राजकुमार अग्रवाल को कोष संबंधी चार्ज दिया.कार्यक्रम में मुन्ना भैया जैन, राजेश जैन, नरेंद्र सोनी, हरीश वाधवानी, नवल शास्त्री, विश्वनाथ अग्रवाल, जितेंद्र जैन, आशीष माहेश्वरी, विवेक शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, मनीष अरोरा सहित अन्य वरिष्ठ व्यापारियों ने नवपदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं.अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि विदिशा के व्यापार को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए छोटे एवं युवा व्यापारियों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा. साथ ही नए व्यापार भवन के निर्माण और व्यापारियों से नियमित संवाद स्थापित कर महासंघ को और सशक्त बनाने की बात कही.

महामंत्री नरेंद्र सोनी ने कहा कि हर परिस्थिति में व्यापारी उनकी प्राथमिकता रहेंगे. व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए शासन-प्रशासन के सहयोग से कार्य किया जाएगा और किसी भी प्रकार के अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने व्यापारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया.इस दौरान अध्यक्ष राजेश जैन, महामंत्री नरेंद्र सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश वाधवानी, उपाध्यक्ष आशीष माहेश्वरी, वरिष्ठ मंत्री जितेंद्र जैन, संयुक्त मंत्री विवेक शर्मा, कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारियों ने अपना दायित्व संभाला. कार्यक्रम में राजकुमार सर्राफ, शैलेन्द्र सोनी, महेश सोनी, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, अंकित मनीधर सहित बड़ी संख्या में महासंघ के डायरेक्टर एवं व्यापारी उपस्थित रहे.इस संबंध में जानकारी पूर्व महामंत्री नवल शास्त्री द्वारा दी गई.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

## घावरी के जन्मदिन पर पेयजल प्याऊ स्थापित, गौ माता के लिए भी पशु प्याऊ की व्यवस्था

**नवभारत न्यूज**

**गुलाबगंज.** जहां एक ओर लोग जन्मदिन पर बड़े-बड़े आयोजन करते हैं, वहीं ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी ने अपने जन्मदिन को सेवा कार्य के रूप में मनाते हुए मिसाल पेश की. उन्होंने नगर के प्रमुख स्थानों पर पेयजल हेतु प्याऊ की व्यवस्था कराई.ओमप्रकाश घावरी द्वारा ग्राम पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बस स्टैंड एवं मुख्य बाजार चौराहे पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया, जिससे आमजन को भीषण गर्मी में ठंडा पानी उपलब्ध हो सके. तहसील कार्यालय के सामने, ग्रीन सिटी कॉलोनी, बालाजी कॉलोनी, मेन मार्केट में राहुल सोनी के सामने एवं सुनील टंडन के सामने पशु प्याऊ स्थापित किए गए हैं.इस अवसर पर जनपद सदस्य सचिन यादव, व्यापार महासंघ अध्यक्ष अंकुर दांगी, सुनील कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे.




## श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में मुकुट धारण, आभूषण शोभायात्रा निकाली

**हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक आयोजनों की धूम, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विजय मंदिर मार्ग, किला अंदर स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुए. इस दौरान भगवान हनुमान का अभिषेक, मुकुट धारण एवं आभूषण शोभायात्रा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराई गई.**

पूजन कार्यक्रम आचार्य श्री लोकरे शास्त्री द्वारा कराया गया. मंदिर प्रांगण में भगवान श्री हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार, दर्शन एवं आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की.मंदिर समिति के सदस्य प्रशांत आचार्य एवं सुनील सैनी ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवस से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे. रजत मुकुट धारण के लिए श्री बालाजी मंदिर से आभूषणों की शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई, जो श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर पहुंची. यहां विधि-विधान के साथ भगवान को मुकुट धारण कराया गया.

शोभायात्रा के दौरान ढोल-मंजीरों की धुन पर युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला. शाम के समय संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया.इस अवसर पर मनमोहन यादव, राम कृपाल नेमा, नीलेश राजा यादव, विनोद श्रीवास्तव, श्रीश शर्मा, शोभित चतुर्वेदी, आकाश चतुर्वेदी, राहुल दुबे, अभिषेक दुबे, शोभित आचार्य, गगन चतुर्वेदी, विश्वनाथ चतुर्वेदी, सुनील मिश्रा, रविंद्र शर्मा, महेश शर्मा, दीपेन्द्र सैनी, अमन सेन, सक्षम आचार्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.

**परेशान** | **व्यावसायिक एलपीजी के दाम और कमी का असर, लोहे के सामान बनाने वालों का काम बढ़ा**

## महंगे गैस सिलेंडर से बढ़ी परेशानी, होटल संचालक भट्टी की ओर लौटे

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 2 अप्रैल, व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की लगातार बढ़ती कीमत और उनकी सीमित उपलब्धता ने होटल और रेस्टोरेंट संचालकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. इसी के चलते अब कई संचालक पुराने विकल्प यानी भट्टी ( चूल्हा ) की ओर लौटते नजर आ रहे हैं. इसका सीधा असर शहर के लोहे के सामान बनाने वाले कारीगरों के काम पर भी पड़ा है, जिनके पास इन दिनों ऑर्डर की संख्या तेजी से बढ़ी है.**

विदिशा के खाई रोड क्षेत्र में स्थित लोहे के सामान बनाने वाले दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ समय से होटल संचालक बड़ी संख्या में भट्टी बनवाने के लिए संपर्क कर रहे हैं. ये भट्टियां खास तौर पर लोहे की टंकियों और मजबूत धातु सामग्री से तैयार की जा रही हैं, ताकि लंबे समय तक उपयोग में लाई जा सकें.दरअसल, होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय में उपयोग होने वाले व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में लगातार इजाफा हो रहा है. इसके साथ ही कई बार सिलेंडर समय पर उपलब्ध नहीं हो पाते, जिससे रोजमर्रा का काम प्रभावित होता है. ऐसे में व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने के लिए संचालक वैकल्पिक साधनों की तलाश में हैं और भट्टी को एक सस्ता व सुलभ विकल्प मान रहे हैं.

खाई रोड पर एक होटल संचालक लोहे की टंकी से भट्टी तैयार करवाते हुए नजर आए. उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर के बढ़ते खर्च और अनियमित सप्लाई के कारण उन्हें मजबूरन यह कदम उठाना पड़ रहा है.

भट्टी के जरिए वे लकड़ी और अन्य ईंधन का उपयोग कर काम चला सकेंगे, जिससे लागत में कुछ हद तक कमी आएगी.वहीं, लोहे के कारीगरों का कहना है कि इस बदलाव से उनका काम बढ़ा है और उन्हें अतिरिक्त रोजगार मिल रहा है. हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि भट्टी के उपयोग से प्रदूषण और पर्यावरण पर भी असर पड़ सकता है, जिस पर ध्यान देना जरूरी है.

**क्या कहते हैं होटल संचालक**

होटल संचालकों का कहना है कि गैस सिलेंडर बहुत महंगा हो गया है और समय पर मिलता भी नहीं है, इसलिए हमने भट्टी बनवाना शुरू किया है, जिससे खर्च कम होगा.